Ans. (a) : जुलाई, 2021 में, राजस्थान राज्य सरकार ने प्राकृतिक क्षेत्रों के संरक्षण और राजस्थान में पर्यटन को आकर्षित करने एवं आर्थिक लाभ उत्पन्न करने के उद्देश्य से राजस्थान इको पर्यटन नीति 2021 जारी की।

1660. राजस्थान को फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए किस नीति को मंजूरी दी गई?

(a) राजस्थान फिल्म ट्रेवल प्रोत्साहन नीति – 2022
(b) राजस्थान फिल्म अन्वेषण प्रोत्साहन नीति – 2022
(c) राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति – 2022
(d) राजस्थान फिल्म स्क्रीनिंग प्रोत्साहन नीति – 2022

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : राजस्थान को फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2022 को मंजूरी दी गई। इसके लागू होने से राज्य में फिल्म शूटिंग को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा, फिल्मों से जुड़े विविध क्षेत्रों में रोजगार का सृजन होगा तथा कला एवं संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

1661. राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (आर.डी.टी.एम.) का आयोजन राजस्थान के किस जिले में किया गया?

(a) जयपुर (b) भीलवाड़ा
(c) चित्तौड़गढ़ (d) उदयपुर

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट-2022 का आयोजन 22-24 जुलाई2022 को राजस्थान के जयपुर जिले में किया गया। इस अवसर पर राजस्थान फिल्म टूरिज्म प्रमोशन पॉलिसी 2022 का विमोचन किया गया।

1662. राजस्थान में प्रथम पर्यटन नीति किस वर्ष में घोषित की गई?

(a) 2000 (b) 2001
(c) 2002 (d) 2003

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान राज्य ने वर्ष 2001 में 'पर्यटन नीति' की घोषणा की गई। राजस्थान इस प्रकार की नीति की घोषणा करने वाला प्रथम राज्य था। राजस्थान पर्यटन का स्लोगन-'पधारो म्हारे देश' है।

1663. 'कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान' प्रोजेक्ट का शिलान्यास राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा कहाँ किया गया?

(a) कोटा (b) जोधपुर
(c) जयपुर (d) उदयपुर

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 9 फरवरी, 2022 को जयपुर में 'कॉंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान' प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इस क्लब में राजनीतिक दलों के विधायक बैठकर चर्चा-परिचर्चा करेंगे।

1664. पर्यटन सम्बन्धित गतिविधियों के सन्दर्भ में साँचू माता मन्दिर सुर्खियों में था। साँचू पोस्ट स्थित है–

(a) बीकानेर में (b) बाड़मेर में
(c) गंगानगर में (d) जैसलमेर में

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (a) : साँचू पोस्ट राजस्थान राज्य के बीकानेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित है। हाल ही में जैसलमेर में स्थित तनोट माता की तर्ज पर साँचू पोस्ट पर भी साँचू माता मंदिर का लोकार्पण और प्राण-प्रतिष्ठा की गई। साँचू पोस्ट को अब आम नागरिकों के लिए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

1665. गोडवाड़ पर्यटन सर्किट .... के स्थलों को कवर करेगा।

1. जालौर 2. पाली
3. सिरोही 4. बाड़मेर

(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 1, 2 व 3
(c) केवल 1 व 3 (d) सभी 1, 2, 3 व 4

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (d) : राजस्थान में गोडवाड़ पर्यटन सर्किट राज्य के जालौर, पाली, सिरोही और बाड़मेर जिलों के स्थलों को कवर करेगा। पर्यटन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा ने राज्य बजट वर्ष 2021-22 के अंतर्गत जालौर, पाली, सिरोही व बाड़मेर को सम्मिलित करते हुए यहाँ के पर्यटन स्थलों को गोडवाड़ पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की।

1666. राजस्थान पर्यटन के विपणन अभियान की वर्तमान टैगलाइन क्या है?

(a) पधारो म्हारे देश – राजस्थान-द इन्क्रेडिबल स्टेट ऑफ इंडिया
(b) जाने क्या दिख जाए
(c) कुछ दिन तो गुजारें राजस्थान में
(d) रंगीला राजस्थान

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (a) : राजस्थान पर्यटन के विपणन अभियान की वर्तमान टैगलाइन है–पधारो म्हारे देश - राजस्थान-द-इन्क्रेडिबल स्टेट ऑफ इंडिया। राजस्थान में 1956 ई. में पर्यटन विभाग की स्थापना की गई। 1989 ई. में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया।

1667. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये और सहीउत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजियेः

पर्यटन केन्द्र	जिला
A. पाण्डुपोल	i. झालावाड़
B. जसवन्त थड़ा	ii. बीकानेर
C. लालगढ़	iii. अलवर
D. गागरोन किला	iv. जोधपुर

कूटः

	A	B	C	D
(1)	iii	i	ii	iv
(2)	iv	iii	i	ii
(3)	iii	iv	ii	i
(4)	ii	iv	i	iii

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (c) : सही सुमेलित है-

पर्यटन केन्द्र	-	जिला
पाण्डुपोल	-	अलवर
जसवन्त थड़ा	-	जोधपुर
लालगढ़	-	बीकानेर
गागरोन किला	-	झालावाड़